भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1524
उत्तर देने की तारीख : 13.02.2025

नैनो उद्यम

1524. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के पंजीकरणों की श्रेणीवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र द्वारा सकल घरेलू उत्पाद में कुल योगदान का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान देश में नैनो उद्यमों को मान्यता देने की दिशा में कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने एमएसएमई वर्गीकरण के मैट्रिक्स में नैनो-उद्यमों को मान्यता देने के संबंध में किसी प्रस्ताव पर विचार किया गया है/प्राप्त किया है;

(ङ) यदि हां, तो नैनो-उद्यमों के अंतर्गत अब तक पंजीकरणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार देश भर में विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में नैनो उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए योजनाएं कार्यान्वित कर रही है/पहल कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : उद्यम पंजीकरण पोर्टल को दिनांक 01.07.2020 को शुरु किया गया है। दिनांक 31.01.2025 तक उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफ़ॉर्म पर देश में पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या 5,91,55,513 है। आंध्र प्रदेश सहित श्रेणी-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ख) : सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम जानकारी के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का योगदान नीचे दिया गया है:

वर्ष	सकल घरेलू उत्पाद में एमएसएमई के योगदान का (%)
2018-19	30.5
2019-20	30.5
2020-21	27.3
2021-22	29.6
2022-23	30.1

(ग) से (च) : इस मंत्रालय में एमएसएमई के पुनः - वर्गीकरण हेतु कोई मांग प्राप्त नहीं हुई है।

****

अनुबंध

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1524, जिसका उत्तर दिनांक 13.02.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

दिनांक 01.07.2020 से दिनांक 31.01.2025 तक उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट पोर्टल* के अंतर्गत पंजीकृत एमएसएमई की श्रेणी-वार कुल संख्या					
क्र.सं.	राज्य	सूक्ष्म	लघु	मध्यम	कुल
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	17,427	277	14	17,718
2	**आंध्र प्रदेश**	**29,48,276**	**25,050**	**1,994**	**29,75,320**
3	अरुणाचल प्रदेश	32,176	404	35	32,615
4	असम	9,98,756	9,984	878	10,09,618
5	बिहार	31,93,305	19,433	1,032	32,13,770
6	चंडीगढ़	60,273	1,994	210	62,477
7	छत्तीसगढ़	10,16,420	12,115	1,292	10,29,827
8	दिल्ली	10,42,584	41,275	5,019	10,88,878
9	गोवा	1,02,331	1,728	159	1,04,218
10	गुजरात	33,01,838	83,677	8,554	33,94,069
11	हरियाणा	14,63,776	34,563	3,318	15,01,657
12	हिमाचल प्रदेश	2,53,054	3,956	448	2,57,458
13	जम्मू और कश्मीर	6,88,191	5,252	353	6,93,796
14	झारखंड	11,95,533	9,033	664	12,05,230
15	कर्नाटक	38,94,716	46,856	4,398	39,45,970
16	केरल	14,01,998	19,180	1,472	14,22,650
17	लद्दाख	16,924	145	4	17,073
18	लक्षद्वीप	1,999	1	-	2,000
19	मध्य प्रदेश	37,48,848	30,153	2,286	37,81,287
20	महाराष्ट्र	76,22,732	1,07,410	12,380	77,42,522
21	मणिपुर	1,29,479	681	38	1,30,198
22	मेघालय	40,717	507	61	41,285
23	मिजोरम	41,704	208	11	41,923
24	नागालैंड	52,602	248	17	52,867
25	ओडिशा	18,51,769	14,967	1,102	18,67,838
26	पुडुचेरी	85,676	960	128	86,764
27	पंजाब	16,29,264	27,332	2,465	16,59,061
28	राजस्थान	33,21,251	42,941	3,441	33,67,633
29	सिक्किम	24,529	200	19	24,748
30	तमिलनाडु	47,46,577	60,050	5,335	48,11,962
31	तेलंगाना	22,41,046	28,215	3,152	22,72,413
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	26,578	1,284	238	28,100
33	त्रिपुरा	2,53,339	1,004	73	2,54,416
34	उत्तर प्रदेश	62,34,715	62,952	4,868	63,02,535
35	उत्तराखंड	4,79,929	6,370	543	4,86,842
36	पश्चिम बंगाल	41,88,842	36,630	3,303	42,28,775
	कुल	**5,83,49,174**	**7,37,035**	**69,304**	**5,91,55,513**

* उद्यम असिस्ट पोर्टल, दिनांक 11.01.2023 को शुरू किया गया था।